नववर्ष

नए साल के पहले दिन लोगों में दिखा गजब का उत्साह, पिकनिक स्पॉट रहे फुल, बच्चों ने की मस्ती

किसी ने की मंदिर में पूजा, तो किसी ने परिवार साथ मनाया नयावर्ष

सुबह से मंदिरों में पहुंचकर भगवान के दर्शन करते श्रद्धालुगण

नवभारत,जबलपुर। नए साल के पहले दिन शहर में अलग-अलग अंदाज में उत्सव देखने को मिला। कोई सुबह-सुबह मंदिर जाकर भगवान का दर्शन कर रहा था, तो कोई परिवार के साथ पिकनिक पर दिन भर मस्ती करता रहा। शहर के प्रमुख पिकनिक स्पॉट और मंदिरों में भारी भीड़ नजर आई, जहां लोगों ने नए साल के स्वागत का पूरा आनंद लिया।

गौरीघाट में स्नान के बाद पूजन करते भक्त

मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जबलपुर के प्रमुख मंदिरों जैसे कचनार सिटी, बंगलामुखी मंदिर, शारदा मंदिर बरेला, शारदा मंदिर मदनमहल, बड़ी खेरमाई और गुप्तेश्वर में दर्शन करने वालों की भीड़ रही। सुबह-सुबह लोग घर में भगवान का पूजन करने के बाद मंदिरों की ओर रवाना हुए। कई परिवारों ने बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और फिर मंदिरों में दर्शन कर नए साल की शुरुआत की।

पिकनिक स्पॉट पर दिखा उत्साह

शहर के गार्डन में दिखी भीड़, लोगों ने मनाई पिकनिक

नए साल की मस्ती का असली आनंद पिकनिक स्पॉट पर देखने को मिला। शहर के गार्डन, मॉल, मूवी और गेम जोन के साथ-साथ भेड़ाघाट, धुआंधार, बरगी डैम, डुमना नेचर पार्क, घुघरा वॉटरफॉल, निदान वॉटरफॉल और रानी दुर्गावती के किले पर लोग दिन भर घूमते और मस्ती करते नजर आए। 31 दिसंबर की रात से ही पार्टियां शुरू हो गई थीं, लेकिन 1 जनवरी को लोग सुबह से ही बाहर निकलकर सैर-सपाटा करने लगे। परिवार और दोस्तों के साथ पिकनिक मनाते बच्चों की खुशी देखने लायक थी।

गुरुवाणी से हुआ नव वर्ष का आगाज

गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार गोरखपुर में नव वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य कीर्तन दरबार में रागी जत्था सतनाम सिंह, बलजीत सिंह ने कहा कि ईश्वर ने हमें हीरे जैसा जन्म दिया है इसे ईश भक्ति और मानव कल्याण के मार्ग का अहम हिस्सा बनाएं। वे सरस गुरुवाणी शबद कीर्तन रैन गंवाई सोय के दिवस गवाया खाय, हीरे जैसा जन्म है कौड़ी बदले जाय का रसभीना गायन कर रहे थे। इस दौरान मुख्य ग्रंथी ज्ञानी हरजीत सिंह खालसा ने देश में सुख समृद्धि और विश्व शान्ति की अरदास प्रार्थना संपन्न करवाई । नगर के विभिन्न गुरुद्वारों में भी कीर्तन दरबार सजाए गए।

पिसनहारी तीर्थ में महामस्तिष्काभिषेक, विश्व शांति की कामना

नववर्ष के प्रथम दिवस पर श्री पिसनहारी मढ़िया जी तीर्थ, जबलपुर में तीर्थंकर अभिषेक की परंपरा का भव्य निर्वहन किया गया। सकल जैन समाज की उपस्थिति में मंगल महामस्तिष्काभिषेक एवं शांतिधारा के माध्यम से विश्व शांति की कामना की गई। प्रात:काल पीले वस्त्र धारण कर कलश लिए श्रद्धालु 1008 महावीर मंदिर में एकत्रित हुए। 108 आचार्य श्री समयसागर जी के परम शिष्य पूज्य 108 मुनि श्री निर्दोषसागर जी, 108 मुनि श्री निरूपमसागर जी, 108 मुनि श्री निर्लोभसागर जी एवं 105 आर्यिका तपोमती माताजी ससंघ के मंगल सानिध्य में 24वें तीर्थंकर भगवान 1008 महावीर स्वामी की श्वेत पाषाण प्रतिमा एवं 11 धातु प्रतिमाओं का महामस्तिष्काभिषेक एवं पूजन सम्पन्न हुआ। मुनि श्री के प्रवचन में अहिंसा, अनेकांतवाद तथा जियो और जीने दो के सिद्धांतों पर बल देते हुए वर्ष 2025 में विश्व में शांति एवं सद्भाव के प्रसार की कामना की गई। इसी क्रम में नंदीश्वर द्वीप के 52 जिनालयों एवं पंचमेरु की प्रतिमाओं का भी महामस्तिष्काभिषेक व शांतिधारा सम्पन्न हुई।

संतों के सानिध्य में निकलेगी 108 ध्वजों के साथ कलश यात्रा

नवभारत, जबलपुर। अखिल भारतीय मां नर्मदा चैतन्य महाप्रभु लोक कल्याण समिति, जबलपुर द्वारा माघ मास कल्पवास का 11वां वर्ष योगाचार्य डॉ. शिव शंकर पटेल की प्रेरणा से सीताराम आश्रम, सरस्वती घाट भेड़ाघाट में आयोजित किया जा रहा है। कल्पवास के प्रथम दिवस पर कल्पवासियों द्वारा 108 ध्वजों के साथ भव्य कलश यात्रा सीताराम आश्रम से सरस्वती घाट, मां नर्मदा तट तक निकाली जाएगी। यात्रा श्रीमद् प्रयागपीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी ओंकारानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में संपन्न होगी। इस अवसर पर डॉ. विजयकांत तिवारी की उपस्थिति में वैदिक आचार्यों के साथ ध्वज पूजन किया गया। महाराज ने ध्वज के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे दिव्य उपस्थिति और संरक्षण का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष श्याम मनोहर पटेल, उपाध्यक्ष मोहित तिवारी, सचिव सुरेश विश्वकर्मा, सह-सचिव दीपक तिवारी सहित नितिन चौबे, सुरेंद्र गिरी गोस्वामी, सत्य प्रकाश श्रॉफ, गुड्डा अग्रवाल, सत्य प्रकाश नामदेव, देवव्रत स्वामी, पप्पू चौबे, के.एल. दीक्षित, जितेंद्र शर्मा, चंद्र कुमार पटेल, छन्नू राम पटेल, मुकेश पटेल सहित अनेक धर्मप्रेमीजन उपस्थित रहे।

रामायण विषय पर लाइव पेंटिंग देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

▶वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का हुआ श्रीगणेश

नवभारत,जबलपुर। जबलपुर में आयोजित चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का विधिवत श्रीगणेश नर्मदा कलश स्थापना के साथ अत्यंत भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का श्रीगणेश ज्ञानेश्वरी दीदी, पंडित रोहित दुबे, आयोजन अध्यक्ष अजय बिश्नोई, सचिव डॉ. अखिलेश गुमास्ता, पंकज गौर, रवि रंजन, शरद काबरा, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में किया गया। नर्मदा कलश की स्थापना सुधीर अग्रवाल एवं विनोद दीवान द्वारा की गई। इसके पश्चात वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस की सफलता हेतु नगर एवं ग्रामीण अंचलों में आयोजित सुंदरकांड पाठों की पूर्णाहुति के अवसर पर मानस भवन सभागार में नेमा मानस मंडल एवं नयागांव महिला मंडल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ प्रस्तुत किया गया। सुंदरकांड प्रभारी विनोद दुबे,राजेन्द्र नेमा ने बताया कि इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ में सहयोग करने वाली 82 रामायण मंडलियों की विशेष उपस्थिति रही, जिससे सभागार भक्तिरस से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रेणु अरुण पांडे एवं उनकी टीम द्वारा रामायण विषय पर लाइव पेंटिंग की गई, जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए और तालियों से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

आजे दोपहर 3 बजे होगा विधिवत उद्घाटन

मानस भवन के सभागार में शुक्रवार को चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का विधिवत उद्घाटन दोपहर 3 बजे किया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम में श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास, भोपाल के अध्यक्ष एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव मुख्य अतिथि तथा केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सारस्वत अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह करेंगे कॉन्फ्रेंस के अंतर्गत दिनभर विविध सांस्कृतिक, बौद्धिक और शोधपरक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

ए एक नजर में

क्षेत्रीय भविष्य निधि कार्यालय में अभिनंदन समारोह

नवभारत,जबलपुर। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त कार्यालय, जबलपुर में गुरूवार को नववर्ष 2026 का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय आयुक्त राकेश सहरावत ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को नए साल की बधाई दी और सदस्य सेवा में उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि नववर्ष में सदस्य सेवा को और अधिक त्वरित और प्रभावी बनाने का संकल्प लें। समारोह के दौरान कार्यालय के प्रवर्तन अधिकारी एवं लेखाधिकारी भी मौजूद रहे, जहाँ सदस्य सेवा को बेहतर बनाने और शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का स्वागत शॉल और श्रीफल भेंट कर किया गया। साथ ही, कर्मचारियों और सेवानिवृत्त सदस्यों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी। समारोह में कार्यालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

छात्राओं को साईकिलों का वितरण

नवभारत, जबलपुर। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा बैंक के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अन्तर्गत, नववर्ष के उपलक्ष्य में एवं भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे बेटी बचाओ, बेटी पढाओ अभियान को बढावा देने के लिए, जबलपुर के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्राओं को स्कूल जाने हेतु साइकिल का वितरण भारतीय स्टेट बैंक जबलपुर अंचल के उप महाप्रबंधक हरेराम सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय क्षेत्र-1 के क्षेत्रीय प्रबंधक अर्जुन सिंह बिष्ट , क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय क्षेत्र-2 के क्षेत्रीय प्रबंधक अमित भगत एवं भारतीय स्टेट बैंक जबलपुर के अन्य सहायक महाप्रबंधक गण भी उपस्थित रहे।

समाधान योजना प्रथम चरण की अवधि 31 तक बढ़ी

नवभारत,जबलपुर। उपभोक्ताओं की उत्साहजनक एवं व्यापक सहभागिता को ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा संचालित समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण की समय-सीमा बढ़ा दी गई है। कंपनी द्वारा ऊर्जा विभाग के समक्ष प्रस्तुत प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद अब योजना का प्रथम चरण 31 जनवरी 2026 तक प्रभावशील रहेगा। पहले चरण में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं द्वारा योजना का लाभ उठाए जाने के चलते यह निर्णय लिया गया है। वहीं, समाधान योजना का द्वितीय चरण 1 फरवरी 2026 से प्रारंभ होगा। योजना की नियम व शर्तें पूर्ववत यथावत रहेंगी। विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे विस्तारित अवधि का अधिकतम लाभ उठाते हुए समय रहते अपने बकाया विद्युत बिलों का समाधान करें।

आपदा प्रबंधन के 16वें संस्करण का विमोचन

नवभारत, जबलपुर। नववर्ष 2026 के प्रथम कार्य दिवस पर पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के द्वारा मुख्यालय के संरक्षा विभाग के द्वारा प्रकाशित आपदा प्रबंधन योजना भाग-2 के 16वां संस्करण का विमोचन किया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी सहित मुख्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष उपस्थिति रहे। प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी के द्वारा बताया गया कि आपदा प्रबंधन योजना का उपयोग रेल आपदा की स्थिति में, संरक्षा से जुडे हुए सर्वसंबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होता है। प्रत्येक वर्ष इस आपदा प्रबंधन प्रणाली को अपडेट करके प्रकाशित किया जाता है। इस योजना में समस्त रेलवे अधिकारियों एवं महत्वपूर्ण पर्यवेक्षकों, समस्त रेलवे स्टेशनों एवं रेलवे के अन्य महत्वपूर्ण इंस्टालेशनों के संपर्क दूरभाष नंबर, स्टेट पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों, नेशनल डिसास्टर रिस्पोंस फोर्स, स्टेट डिसास्टर रिस्पोंस फोर्स, भारतीय सेना एवं वायु सेना, सभी स्टेशनों के निकटतम शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों, अग्निशामन केन्द्रों तथा दुर्घटना के समय उपयोगी सामग्री की आपूर्ति करने के लिए सक्षमनिजी एजेंसियों के दूरभाष नम्बरों का समावेश किया गया है।

48 कार्मिकों को उच्च वेतनमान के आदेश जारी

नवभारत,जबलपुर। म.प्र. पूर्व क्षेत्र कंपनी ने अपने 48 कार्मिकों के तृतीय समयमान एवं उच्च वेतनमान के आदेश जारी किए हैं । मुख्य महाप्रबंधक (मा.संसा. एवं प्रशा.) कार्यालय से जारी आदेशानुसार अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, प्रबंधक, कार्यालय सहायक एक / तीन, कनिष्ठ शीघ्रलेखक, वरिष्ठ परीक्षण सहायक / परीक्षण सहायक / परीक्षण पर्यवेक्षक, सुरक्षा निरीक्षक, अनुभाग अधिकारी, कार्यालय सहायक श्रेणी तीन एवं वाहन चालक समयमान वेतनमान का लाभ प्राप्त करने वाले कार्मिक शामिल है ।

राधेश्याम मेहरा प्रांतीय अध्यक्ष नियुक्त

नवभारत,जबलपुर। बहुजन चेतना विकास मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष खेमराज झारिया की सहमति से जबलपुर निवासी राधेश्याम मेहरा को आगामी आदेश पर्यंत मध्यप्रदेश राज्य का प्रांतीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है ।नियुक्ति आदेश में राधेश्याम मेहरा को मोर्चा के संविधान के अनुरूप कार्य करते हुए मध्यप्रदेश में संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष खेमराज झारिया की सहमति से मध्यप्रदेश कार्यकारिणी एवं जिलेवार कार्यकारिणियों के गठन हेतु आवश्यक आदेश जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। इस नियुक्ति से मोर्चा के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और संगठन विस्तार को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

नवनिर्मित बैडमिंटन हॉल का शुभारंभ

नवभारत,जबलपुर। नववर्ष 2026 के अवसर पर 1 जनवरी को सतपुड़ा ऑफिसर क्लब, जबलपुर रेल मंडल में नवनिर्मित अत्याधुनिक बैडमिंटन हॉल का भव्य शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक द्वितीय शशांक गुप्ता, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) राहुल जयपुरियार, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) रामबदन मिश्रा, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक रजनीकांत साहू, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरओ) अक्षय कुमरावत, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी) संजय सिंह सहित मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से सीखा सुरक्षा का पाठ

सृजन कार्यक्रम का 13वां दिवस

नवभारत,जबलपुर। पुलिस एवं जनसाहस सामाजिक संस्था की संयुक्त पहल से संचालित किशोर सशक्तिकरण सामुदायिक पुलिस योजना 'सृजन' का तेरहवां दिवस वरिष्ठ बुनियादी हाई स्कूल, पनागर में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला एवं रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के तहत पनागर नगर व थाना क्षेत्र के किशोर-किशोरियों ने 'शक्ति से सुरक्षा' विषय पर जागरूकता रैली निकालकर आत्मरक्षा के महत्व का संदेश दिया। इसके पश्चात किशोर-किशोरियों को थाना पनागर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, जहां सहायक उप निरीक्षक रजनीश भदौरिया ने एफआईआर, एनसीआर, बंदीगृह व थाना प्रभारी की भूमिका की जानकारी दी। कार्यक्रम में उप निरीक्षक सुनीता पंच एवं जनसाहस संस्था के राजू चौधरी द्वारा पावर वॉक का अभ्यास कराया गया। वहीं आरक्षक धीरू सिंह, तारा सैयाम, कंचन कोरी एवं नंदिनी सूर्यवंशी ने मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण देकर किशोर-किशोरियों में आत्मरक्षा कौशल विकसित किया।

महापौर ने कीं हैं तमाम घोषणाएं, महानगर के रूप में शहर को जल्द देखने उत्सुक शहरवासी

2026 नएवर्ष में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, फिल्म सिटी का बेसब्री से इंतजार

नवभारत,जबलपुर। नया वर्ष शुरू हो चुका है और अब नए वर्ष के 12 महीनों के भीतर शहरवासियों को जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, फिल्म सिटी, बायो गैस प्लांट और 100 एसी इलेक्ट्रिक बसों का इंतजार बेसब्री से रहेगा। हर शहरवासी चाह रहा है कि जबलपुर भी महानगर के रूप में जल्द विकसित हो। ऐसे में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू द्वारा की गईं तमाम घोषणाओं पर जमीनी स्तर पर कितना अमल होता है इस ओर भी शहरवासियों का ध्यान रहेगा।

अधिकांश युवा वर्ग से लेकर हर व्यक्ति का सपना है कि वो अपने शहर में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में इंटरनेशनल मैच होते देखे ऐसे में ये सौगात नए वर्ष में अपने आप में बहुत बड़ी होने वाली है।

इन सौगातों से निखरेगा शहर

जानकारी के अनुसार महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा है कि वर्ष 2026 में जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, ओलंपिक स्तर के स्विमिंगपूल, फिल्म सिटी, 500 डेली नीड्स पार्लर से 1000 युवाओं को रोजगार प्रदान करने, 200 करोड़ रूपये की लागत से बायो गैस प्लांट की स्थापना करने और 100 एसी इलेक्ट्रिक बसों की सौगात दी जाएगी। वहीं महापौर ने शहर में वर्ष 2026 में हर घर में नर्मदा जल पहुंचाने का काम 312 करोड़ रुपए की लागत से पूरा करने और 222 करोड़ की लागत से जलप्लावन की समस्या से नागरिकों को निजात दिलाने की भी बात कही है। जिससे पूरे शहर का कायाकल्प हो जाएगा और शहर महानगर की शक्ल में दिखने लगेगा। इसके साथ ही वर्ष 2026 में भारत माता मंदिर का भी लोकार्पण किया जाएगा।

गीत-संगीत और खेलों के साथ मनाई पिकनिक

नवभारत,जबलपुर। रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर स्टार द्वारा बरगी डैम पायली, जिसे 'मिनी गोवा' के नाम से जाना जाता है, में पिकनिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नीले आसमान और नीले जल से घिरे इस मनोरम स्थल पर क्लब के सदस्यों ने अंताक्षरी, तंबोला, नृत्य व विभिन्न खेलों का भरपूर आनंद लिया। सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए स्वादिष्ट भोजन का भी लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के दौरान खेलों के विजेताओं को उपहार प्रदान किए गए। क्लब की अध्यक्ष सरिता सिंह राजपूत ने बताया कि रोटरी क्लब समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर सेवा व सकारात्मक कार्यों में निरंतर सक्रिय रहता है और खुशियां बांटने का प्रयास करता है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष दीपा दोहरे, डायरेक्टर सरिता सिंह, उपाध्यक्ष प्रेरणा जादवानी, तथा सदस्य प्रज्ञा वर्मा, अनिता सिंह, सोनिया वाकुलकर रायत, गुंजन धुर्वे, रितु डोडेजा, सुनीता शर्मा, स्वाति मिश्रा, राजुल मिश्रा, प्रिया तिवारी, पूनम गुप्ता, गीता अरोड़ा, रेनू बाला सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।